UDYAM REGISTRATION NUMBER UDYAM-CG-11-0005844

KOYTUR TIMES
www.koyturtimes.com

# कोयतुर टाइम्स

15 सितम्बर 2024



# चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज एक प्रगतिशील और समृद्ध समाज है- मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय

रायपुर छत्तीसगढ़: मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज समृद्ध और प्रगतिशील समाज है, जिसका अपना एक समृद्ध इतिहास और संस्कृति है। कुर्मी समाज के लोगों ने हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे आज कवर्धा में चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित केंद्रीय महाधिवेशन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर समाज की मांग पर शैक्षणिक विकास के लिए 5 एकड़ भूमि आबंटित करने की घोषणा की। कार्यक्रम में समाज की ओर से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल श्री रमेश बैस, केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का गजमाला एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि 13 सितम्बर को हमारे छत्तीसगढ़ सरकार के नौ माह पूरे हुए हैं। इन नौ माह में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई गारंटियों में से अधिकतर गारंटियों को हमने पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए हमनें 32 हजार करोड़ रुपए के समर्थन मूल्य की राशि का तत्काल भुगतान किसानों को किया और उसके बाद 12 जनवरी को 24 लाख 75 हजार किसानों को कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत अंतर की राशि 13 हजार 320 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रति माह एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रुपए किया गया। जरूरतमंद हितग्राहियों के लिए प्रधानमंत्री आवास की घोषणा को पूरा किया गया।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी और सरदार वल्लभभाई पटेल के वंश होने का गौरव इस समाज को प्राप्त है। छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा डॉ. खूबचंद बघेल इसी समाज से रहे। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता की लड़ाई में इस समाज से अनेक क्रान्तिकारी शामिल हुए है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन से छत्तीसगढ़ का विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि देश में केवल छत्तीसगढ़ के किसानों को 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान का समर्थन मूल्य मिल रहा है। पूर्व राज्यपाल एवं केन्द्रीय मंत्री श्री रमेश बैस ने कहा कि समाज तभी संगठित होगा जब उसमें सभी की सहभागिता होगी। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं की भागीदारी जरूरी है। श्री बैस ने कहा कि हमें योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना चाहिए, समाज के कमजोर और गरीबों को आगे बढ़ाना हमारा उद्देश्य होना चाहिए ताकि समाज एक साथ संगठित होकर आगे बढ़े।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अधिवेशन में अपने संबोधन के दौरान कहा कि समाज महापुरुषों के आदर्शों का पालन करते हुए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कवर्धा में युवाओं के प्रेरणास्रोत छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की स्थापना करेंगे ताकि कवर्धा और छत्तीसगढ़ के युवाओं को लगातार प्रेरणा मिलती रहे। उन्होंने समाज के मांग पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की स्थापना के लिए 25 लाख रूपए की घोषणा की।

केंद्रीय मंत्री श्री तोखन साहू ने कहा कि देश के इतिहास में समाज का बड़ा योगदान रहा है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में बांधा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उनका मान रखते हुए देश का सबसे ऊँचा स्टेचू ऑफ़ यूनिटी की स्थापना की। हर क्षेत्र में समाज आगे बढ़ रहा है। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि कुर्मी क्षत्रिय समाज की प्रत्येक क्षेत्र में उपलब्धि रही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय प्रदेश के मुखिया हैं, उनके कार्यकाल में समाज का विकास हो रहा है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जीवन बदल रहा है। विधायक श्री धरमलाल कौशिक ने कहा कि जिस समाज में शिवाजी महाराज, सरदार वल्लभ भाई पटेल का नाम आए वह किसी पहचान की मोहताज नहीं है। आज कुर्मी समाज के योगदान से छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर दुर्ग ग्रामीण विधायक श्री ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, श्री लालबहादुर चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री श्री पूनम चंद्राकर, पूर्व संसदीय सचिव मोतिराम चंद्रवंशी, समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सामाजिक बन्धु जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



# उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने वाशिंगटन में सड़क और भवन निर्माण कार्यों को देखा

रायपुर छत्तीसगढ़: अध्ययन प्रवास पर अमेरिका गए उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने शुक्रवार को वाशिंगटन में सड़क एवं भवन निर्माण स्थलों का दौरा कर कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण स्थलों पर आर्किटेक्ट्स और इंजीनियरों से चर्चा कर निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, धातु (Metal) एवं मशीनरी की जानकारी ली। उन्होंने वहां विशेषज्ञों के साथ बैठक कर सड़क एवं भवन निर्माण की नई तकनीकों तथा निर्माण परियोजनाओं के विभिन्न चरणों का अध्ययन किया। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह भी इस दौरान उनके साथ थे।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने वाशिंगटन में निर्माण कार्यों के विशेषज्ञों के साथ बैठक कर नई निर्माण तकनीकों तथा यू.एस.ए. (USA) में सड़क एवं भवन निर्माण परियोजनाओं की प्लानिंग से लेकर निर्माण तक चरणबद्ध रूप से उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी ली। वहां बिम (BIM) कम्प्यूटर सिस्टम से भवन एवं अधोसंरचना का कम्प्यूटर में संपूर्ण डिज़ाइन तैयार किया जाता है जिससे न केवल उनके निर्माण में लगने वाली सामग्री (Material) एवं लागत का सटीक आंकलन होता है, बल्कि बाद में होने वाले मेन्टेनेन्स (Maintenance) के काम में भी मदद मिलती है।

श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अच्छी गुणवत्ता की टिकाऊ सड़कों और भवनों के निर्माण के लिए अमेरिका में प्रचलित नई तकनीकों एवं उपायों का विस्तृत अध्ययन कर लोक निर्माण विभाग में लागू करने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने वाशिंगटन में विशेषज्ञों से कार्यस्थलों पर निर्माण श्रमिकों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी ली। उन्होंने सड़कों के पास स्थित रिहायशी इलाकों को ध्वनि प्रदूषण से बचाने के लिए किए जाने उपायों का भी अध्ययन किया। यू.एस.ए. में सड़क निर्माण एवं भवन निर्माण परियोजनाओं में प्रारंभिक डीपीआर स्तर पर काफी विस्तृत अध्ययन किया जाता है, ताकि बाद में आने वाली समस्याओं एवं होने वाले विलंब व लागत में वृद्धि से बचा जा सके।

# करमा महोत्सव में शामिल हुए मंत्री श्री देवांगन



कोरबा जिले के महाराणा प्रताप चौक स्थित विश्व के प्रथम आदिवासी शक्ति पीठ में छत्तीसगढ़ आदिवासी धनवार समाज द्वारा आयोजित करमा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने समाज के वरिष्ठ जनों के साथ शक्तिपीठ में पूजा-अर्चना की। करमा देव का पूजन कर उन्होंने सभी लोगों को करमा महोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रकृति पर्व करमा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। प्रकृति की रक्षा के लिए सामूहिक भागीदारी बेहद जरूरी है। करमा संस्कृति एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज, प्रकृति का पूजक हैं। प्रकृति से प्रेम और पर्यावरण की रक्षा में समाज की अहम भूमिका है।इससे समाज में आपसी भाईचारा भी प्रगाढ़ होता है। प्रकृति के प्रति लोगों का यही प्रेम, सम्मान और समर्पण से एकजुटता भी बढ़ती है। अपनी संस्कृति और अपने धर्म की रक्षा के लिए हम सभी आदिकाल से पूजन करते आ रहे हैं। हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री आदिवासी वर्ग से आते हैं। उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष पवन सिंह, बुटुल सिंह, ओम प्रकाश, महेश धनवार, लखन सिंह धनवार, बेरला बाई धनवार, कीर्तन धनवार, वीर साय धनवार, शिव नारायण कंवर, निर्मल सिंह राज, रामायण सिंह कंवर, सुमन सिंह नेताम, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, गुलजार सिंह राजपूत सहित अधिक संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कोयतुर टाइम्स

KOYTUR TIMES
www.koyturtimes.com

15 सितम्बर 2024

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरगवाँ में पढ़ाई की सहुलियत बढ़ी




जांजगीर-चांपाछत्तीसगढ़: जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरगवां में बच्चों को पढ़ाई करने में सहुलियत होगी। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत यहां कुल 16.10 लाख रूपये की लागत से दो नए कमरे बनकर तैयार हो गए है। दरअसल इस स्कूल में बच्चों के लिए पढ़ने हेतु कक्षों की कमी हो रही थी।

स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने के कारण उन्हें एक ही कक्ष में बैठकर पढ़ना पड़ता था, जिससे उन्हें परेशानी होती थी। तीन बने हुए कक्षों में एक कक्ष का सात साल पहले जीर्णोद्धार हुआ था। बाकी जर्जर स्थिति में थे। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के माध्यम से इस समस्या का समाधान निकालने के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण का निर्णय लिया गया।

जांजगीर-चांपा के जनपद पंचायत अकलतरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरगवाँ में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के माध्यम से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जांजगीर के द्वारा 02 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य कराया गया है। शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हो जाने से विद्यार्थियों को बैठक व्यवस्था में सुविधा होने लगी। कक्षावार विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था होने से उनके अध्ययन कार्य और शिक्षकों के अध्यापन कार्य में सहजता हुई है। विद्यार्थियों को अब पढ़ने के लिए आरामदायक वातावरण मिल गया है, विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पा रहे हैं। यहां 6वी, 7वी और 8वी में कुल 102 बच्चे अध्ययनरत हैं। तीन कक्ष में एक ही हाल में दो नए कमरे बनने से अब कक्षों में विद्यार्थियों की कम भीड़ है, जिससे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों, शिक्षकों ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत कक्ष बनने के बाद मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए खुशी जाहिर की है।

# राज्य स्तरीय शालेय कराते प्रतियोगिता में बीजापुर के खिलाड़ियों ने दिखाया अपना जौहर



बीजापुर छत्तीसगढ़: 24वीं राज्यस्तरीय शालेय कराते प्रतियोगिता 2024 08 सितम्बर 2024 से 11 सितम्बर 2024 जो जगदलपुर के प्रियदर्शनी स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें बस्तर संभाग से बीजापुर जिले के 6 खिलाड़ियो का चयन हुआ था जिसमें से 5 खिलाड़ियो ने मेडल लाया है और जिले का नाम रोशन किया है। शलोनी कट्म और शिवपाल कुड़ियम ने सिल्वर मेडल लाकर अंडर 17 में अपना दूसरा स्थान बनाया वहीं परी लिंगम ने अंडर 14 में तीसरा स्थान प्राप्त की बीजापुर के स्वामीआत्मानंद हिन्दी माध्यम के रितेश कट्म और बुलबुल कुड़ियम ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय शालेय नेशनल प्रतियोगिता अंडर 17 के लिए अपना जगह बना लिया है। बच्चों में खेल के प्रति उत्साह बना रहे व खिलाड़ियों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी की कराते कोच माला ठाकुर का बेहतर मार्गदर्शन रहा।

## कोया पुनेम् गोंडवाना महासभा का ऑनलाइन वेभिनार 15 सितम्बर 2024 को गूगल मीट पर रात 08 बजे से



# स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर होगी कड़ी कार्यवाही: सीएमएचओ

एमसीबी: कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार 13 सितंबर 2024 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ अविनाश खरे और जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) डॉ पुष्पेंद्र सोनी ने की। बैठक में सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, विकासखण्ड स्तर के सभी बीएमओ, बीपीएम, बीएएम, बीईई, और महिला-पुरुष सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

सीएमएचओ डॉ अविनाश खरे ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसके लिए तत्काल कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने 'Hims' और 'Uwin' पोर्टलों पर अपलोडिंग कार्यों की भी समीक्षा की और जहां खामियां पाई गईं, उन्हें तत्काल सुधारने के निर्देश दिए।

बैठक में आयुष्मान कार्ड का 100% निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कम उपलब्धि वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने और कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही, सिकलसेल की जांच की प्रवृत्ति और इसकी जानकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन और कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, आरसीएच (रिप्रोडक्टिव चाइल्ड हेल्थ) कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में पंजीकरण और चार जांचों की जानकारी प्राप्त की।

टीकाकरण के मामले में कोई भी बच्चा वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जो बच्चे टीकाकरण से वंचित हैं, उन्हें भी जल्द टीका लगाने का निर्देश दिया गया। ड्रॉप आउट और लेफ्ट आउट बच्चों की पहचान करके उन्हें भी टीकाकरण से आच्छादित करने की जरूरत पर बल दिया गया। युविन पोर्टल पर एंट्री समय से पूरी करने के भी निर्देश दिए गए।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ पुष्पेंद्र ने एनसीडी कार्यक्रम (गैर-संचारी रोग) के तहत मुख, स्तन और गर्भाशय कैंसर की कम स्क्रीनिंग पर नाराजगी जताई और संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग करें और इसे पोर्टल पर दर्ज करें। लंबित स्क्रीनिंग कार्यों को शीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में मौसमी बीमारियों, जैसे डायरिया और स्वाइन फ्लू, को ध्यान में रखते हुए दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ ने बताया कि अब एमसीबी में डिलीवरी और इमरजेंसी सर्जरी के मामलों के लिए सर्जन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में सभी स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख अधिकारी, ब्लॉक स्तर के बीएमओ और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच यात्रियों की सुविधा के लिए नये मार्गों पर चलेंगी यात्री बसें

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश परिवहन विभाग द्वारा यात्री सुविधा के विस्तार एवं सुगम यातायात हेतु 17 वर्षों के बाद दोनों राज्यों के विभागों की पहल पर विगत 11 सितम्बर, 2024 को मध्यप्रदेश के मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल में बैठक आयोजित की गई। मध्यप्रदेश राज्य की ओर से इस बैठक में श्री एस. एन. मिश्रा, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से श्री एस. प्रकाश, सचिव, परिवहन विभाग सह परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़ की उपस्थित में हुई।

दोनों राज्यों के बीच परिवहन विभाग के विभिन्न मुद्दों पर छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के मध्य वर्ष 2007 में हुए अंतर्राज्यीय पारस्परिक यातायात समझौता में अभिवृद्धि किये जाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा 34 नवीन मार्गों एवं मध्यप्रदेश राज्य द्वारा 19 नवीन मार्गों को जोड़ने पर सहमति बनी। इसके अलावा पारस्परिक करार के 81 मार्गों में 36 मार्गों में रिक्ति नहीं होने के कारण फेरा वृद्धि, सहमति मार्गों को पारस्परिक करार में शामिल करने, यातायात के आधुनिकीकरण, मुक्त जोन पर किसी प्रकार का टैक्स नहीं लेने, सहित संबंधित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण सहित अनेक महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सहमति बनी। बैठक में लिये गये सभी निर्णयों पर कार्यवाही आगामी दिनों में वैधानिक प्रक्रिया अनुसार की जाएगी। इस बैठक में श्री सी.बी. चक्रवर्ती, सचिव, मध्यप्रदेश शासन परिवहन विभाग, श्री डी.पी. गुप्ता, परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश, श्री डी. रविशंकर, अपर परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़, श्री उमेश जोगा, अपर परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश, श्री मनोज कुमार ध्रुव, उप परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ एवं श्री एच. के. सिंह सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकार मध्यप्रदेश सहित अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

# सुकमा-बीजापुर बॉर्डर पर नक्सलियों का हमला, जवानों की जवाबी कार्रवाई में भागे नक्सली



सुकमा: छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर बॉर्डर पर शुक्रवार रात नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के कैंप पर हमला कर दिया। यह हमला जगरगुंडा क्षेत्र के पूवर्ती गांव में हुआ, जहां हाल ही में CRPF, DRG, STF और कोबरा की संयुक्त टीम का कैंप खोला गया है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने जंगल की ओर से अचानक हमला किया और जमकर गोलीबारी की। हमले के तुरंत बाद जवानों ने मोर्चा संभाल लिया और नक्सलियों की गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया। करीब 10-15 मिनट तक चली मुठभेड़ के बाद, नक्सली भाग खड़े हुए। हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है ।
नक्सलियों द्वारा किए गए इस हमले के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। सुरक्षा बलों द्वारा आस-पास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है ताकि नक्सलियों की गतिविधियों पर पूरी तरह से लगाम लगाई जा सके। गौरतलब है कि यह क्षेत्र नक्सली कमांडर हिड़मा का गढ़ माना जाता है, जहां नक्सली गतिविधियां लगातार देखी जाती रही हैं। सुरक्षा बलों ने इस हमले को नाकाम करते हुए नक्सलियों को वापस भागने पर मजबूर कर दिया।

# वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव, पांच आरोपी गिरफ्तार, ट्रेन की सुरक्षा बढ़ाई गई



दुर्ग, भिलाई: शुक्रवार को दुर्ग-विशाखापटनम वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल लिया गया, लेकिन लौटते समय रात 9:15 बजे बागबाहरा के पास कुछ लोगों ने ट्रेन पर पथराव कर दिया। इस घटना में ट्रेन की तीन बोगियों के खिड़कियों के कांच क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्ग पहुंचने पर ट्रेन का मेंटेनेंस किया गया और तीनों कोचों के कांच बदल दिए गए, जिनकी कीमत 78-78 हजार रुपये थी।

सूत्रों के अनुसार, पथराव के वक्त कुछ लोग ट्रैक पर बैठे थे और ट्रेन के आते ही ट्रैक पर रखी गिट्टी फेंकने लगे। इससे कोच नंबर सी 2-10, सी 4-9 और सी 10-78 की खिड़कियों को नुकसान हुआ। इस घटना के बाद, बागबाहरा आरपीएफ ने शिव कुमार बघेल, देवेंद्र तांडी, लेखराज सोनवानी, जीतू तांडी और अर्जुन यादव नामक पांच युवकों को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में कानूनी कार्यवाही की गई है।

सूत्रों के अनुसार, पथराव के वक्त कुछ लोग ट्रैक पर बैठे थे और ट्रेन के आते ही ट्रैक पर रखी गिट्टी फेंकने लगे। इससे कोच नंबर सी 2-10, सी 4-9 और सी 10-78 की खिड़कियों को नुकसान हुआ। इस घटना के बाद, बागबाहरा आरपीएफ ने शिव कुमार बघेल, देवेंद्र तांडी, लेखराज सोनवानी, जीतू तांडी और अर्जुन यादव नामक पांच युवकों को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में कानूनी कार्यवाही की गई है।

# युवक पर जानलेवा हमला करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

सेलुद पाटन: थाना उतई क्षेत्र अंतर्गत एक युवक पर जानलेवा हमला करने वाले मुख्य आरोपी देवानंद साहू उर्फ देवा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। यह हमला बजरंग चौक, सेलूद निवासी किशन हिरवानी (45 वर्ष) पर हुआ था, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 333, 109, 3 (5) के तहत अपराध दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में 5 सितंबर को भावेश साहू, यतीश चंद्राकर (निवासी खोपली), भुवनेश्वर आग्नेकर, ऋषि ठाकुर, और राकेश मारकंडे (निवासी गोंडपेंड्री) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा था। हालांकि, मुख्य आरोपी देवानंद साहू घटना के बाद से फरार था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।
पुलिस को बड़ी सफलता तब मिली जब बुधवार को देवानंद को गिरफ्तार किया गया। उसे न्यायालय पाटन के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है।

# एनसीजीजी ने लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों के सिविल सेवकों के लिए प्रथम अग्रिम नेतृत्व विकास कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया



नई दिल्ली: नेशनल सेंटर फॉर गुड गवर्नेंस (एनसीजीजी) ने 2 से 13 सितंबर 2024 तक आयोजित दो सप्ताह के "प्रथम अग्रिम नेतृत्व विकास कार्यक्रम" का समापन किया, जो विशेष रूप से लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों के सिविल सेवकों के लिए डिज़ाइन किया गया था। इस कार्यक्रम में अर्जेंटीना, कोस्टा रिका, अल साल्वाडोर, गुयाना, होंडुरास, जमैका, पैराग्वे, पेरू, सेंट किट्स एंड नेविस और सूरीनाम जैसे 10 देशों के 22 वरिष्ठ सिविल सेवकों ने हिस्सा लिया।

समापन सत्र में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के सचिव श्री वी. श्रीनिवास और एनसीजीजी के महानिदेशक ने भारत और लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियाई देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की प्रासंगिकता पर जोर दिया। उन्होंने भारत की सुशासन नीतियों जैसे "अधिकतम शासन, न्यूनतम सरकार" और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों की चर्चा करते हुए कहा कि इनका मॉडल अन्य देशों की शासन चुनौतियों में प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने चार समूहों में विभाजित होकर विभिन्न शासन संबंधी विषयों पर प्रस्तुतियाँ दीं, जिसमें नेतृत्व और नैतिकता, स्मार्ट शहरों का विकास, महिला-केंद्रित शासन और सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार जैसे प्रमुख विषय शामिल थे। इसके अलावा, प्रतिभागियों ने भारत के विभिन्न प्रमुख संस्थानों जैसे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, साइबर सुरक्षा सेल, और राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान का दौरा किया। कार्यक्रम का समापन भारत की सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक ताज महल की यात्रा के साथ हुआ।

# ब्रिक्स देशों की 9वीं संस्कृति मंत्रियों की बैठक में भारत ने वैश्विक विकास में संस्कृति को प्राथमिकता देने पर दिया जोर

नई दिल्ली: रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्रियों की 9वीं बैठक में भारत के संस्कृति मंत्रालय के सचिव, श्री अरुणीश चावला ने वैश्विक विकास रणनीतियों में संस्कृति को केंद्र में रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संस्कृति को सशक्तिकरण, समावेशन और आपसी समझ के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बताते हुए इसे सतत विकास और वैश्विक सहयोग के लिए आवश्यक बताया। श्री चावला ने अपने बयान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सांस्कृतिक रचनात्मकता, वाणिज्य और सहयोग के तालमेल पर आधारित दृष्टिकोण की पुष्टि की, जिसका उद्देश्य एक समतामूलक, टिकाऊ और समावेशी विश्व का निर्माण करना है। जी20 के दौरान भारत के नेतृत्व में उठाए गए मुद्दों के साथ तालमेल रखते हुए, भारत ने 2030 के बाद के वैश्विक विकास एजेंडे में संस्कृति को स्वतंत्र लक्ष्य के रूप में मान्यता देने की वकालत की।

बैठक के दौरान भारत ने रचनात्मक उद्योगों, नवाचार और रोजगार सृजन के महत्व पर भी प्रकाश डाला और ब्रिक्स देशों को आर्थिक विकास और सामाजिक समावेश में अपनी सामूहिक सांस्कृतिक शक्तियों का उपयोग करने की अपील की। भारत ने इस मंच पर लोगों के बीच आदान-प्रदान, सांस्कृतिक कूटनीति और शिक्षा को बढ़ावा देने को भी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल किया। इस चार सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संस्कृति मंत्रालय के सचिव श्री अरुणीश चावला ने किया, जिसमें संयुक्त सचिव लिली पांडेय, निदेशक यशवीर सिंह और उप सचिव शाह फैसल भी शामिल थे।

भारत का लक्ष्य ब्रिक्स देशों के बीच सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देना, आपसी समझ को गहरा करना और वैश्विक चुनौतियों का संयुक्त रूप से सामना करने के लिए सांस्कृतिक कूटनीति का उपयोग करना है, जो आने वाले वर्षों में ब्रिक्स के सांस्कृतिक एजेंडे को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगा।

UDYAM REGISTRATION NUMBER UDYAM-CG-11-0005844

KOYTUR TIMES

WWW.KOYTURTIMES.COM

KOYTUR TIMES www.koyturtimes.com

विज्ञापन के लिए संपर्क करें

CONTACT $ WHATSAPP NO .

8878810101

KOYTURTIMES@GMAIL.COM

# कवर्धा में देह व्यापार पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 8 युवतियां और 2 युवक गिरफ्तार

कवर्धा छत्तीसगढ़: देह व्यापार के खिलाफ कोतवाली पुलिस की स्पेशल टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने दो अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की, जिसमें 8 युवतियां और 2 युवकों को आपत्तिजनक स्थिति में गिरफ्तार किया गया। पकड़ी गई युवतियों में कुछ बिलासपुर, जांजगीर-चांपा और मध्य प्रदेश के डिंडौरी की रहने वाली हैं। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कवर्धा के वार्ड-17 खुंटू नर्सरी के साहूजी नगर में रहने वाली कौशिल्या कुर्रे और राजनांदगांव बाइपास निवासी किरण पनागर अपने-अपने घरों में बाहरी युवतियों को बुलाकर वेश्यावृत्ति का धंधा करवा रहे थे। इस सूचना पर उप निरीक्षक शांता लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग टीमें छापेमारी के लिए रवाना हुईं।

पहली छापेमारी में खुंटू नर्सरी में कौशिल्या कुर्रे के घर पर 3 युवतियां और कुछ पुरुष संदिग्ध अवस्था में मिले। वहीं दूसरी रेड राजनांदगांव बाइपास में किरण पनागर के घर की गई, जहां 4 युवतियां और 2 युवक आपत्तिजनक स्थिति में पाए गए। इस पूरी कार्रवाई के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है। मामले की जांच जारी है।

# छत्तीसगढ़ पीएससी में नकली परीक्षार्थियों की रोकथाम के लिए एआई तकनीक का उपयोग

रायपुर छत्तीसगढ़ : लोक सेवा आयोग (सीजी पीएससी) ने परीक्षाओं में धोखाधड़ी और नकली परीक्षार्थियों की रोकथाम के लिए एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक का उपयोग शुरू किया है। इस नई प्रणाली के तहत, परीक्षा हॉल में परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र पर लगी फोटो का मिलान लाइव खींचे गए फोटो से किया जाएगा। एआई चेहरे के 102 बिंदुओं का मिलान करता है, जिससे मुन्नाभाई यानी किसी अन्य व्यक्ति का परीक्षा देने की संभावना लगभग समाप्त हो जाती है।

पीएससी ने इस तकनीक का पहली बार 1 सितंबर को परिवहन निरीक्षक (तकनीकी) की परीक्षा में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में उपयोग किया। 16 केंद्रों पर प्रवेश पत्र की क्यूआर स्कैनिंग के बाद बायोमेट्रिक डिवाइस से परीक्षार्थियों के फोटो और फिंगर प्रिंट लिए गए, जो एआई के माध्यम से मिलान किए गए। पिछले कुछ सालों में छत्तीसगढ़ पीएससी की परीक्षाओं में गड़बड़ियों और विवादों के चलते आयोग की छवि धूमिल हुई थी। इस नई तकनीक के जरिए आयोग ने अपनी छवि सुधारने और परीक्षाओं की निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। यदि किसी परीक्षार्थी का फोटो मैच नहीं होता है, तो देशभर में हुई पिछली परीक्षाओं में शामिल 5 लाख परीक्षार्थियों के फोटो से मिलान करने की व्यवस्था भी की गई थी, हालांकि इसका उपयोग इस परीक्षा में नहीं करना पड़ा। सीजी पीएससी ने इस परीक्षा के दौरान लिए गए फोटो और फिंगर प्रिंट को भविष्य की परीक्षाओं के लिए सुरक्षित रखा है। यह कदम आयोग की पारदर्शिता और निष्पक्षता बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है, जिससे परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बनाया जा सके।

राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन में भारतखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति एवं इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ के पूर्व कुलपति डॉ. मांडवी सिंह ने सौजन्य भेंट की। डॉ. मांडवी सिंह ने राज्यपाल से भारतखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ में संचालित कला, संगीत और नृत्य की शिक्षा के संबंध में चर्चा की। उन्होंने क्लासिकल डांस कत्थक के संबंध में राज्यपाल को जानकारी दी ।



# कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने किया श्रमदान, शासकीय कार्यालयों में की गई साफ-सफाई


उत्तर बस्तर कांकेर: 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के अंतर्गत आज सुबह कलेक्टोरेट एवं जिला पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित ब्लॉक स्तर के विभिन्न कार्यालयों में स्वच्छता अभियान में चलाया गया, जिसके तहत कार्यालय परिसर की साफ-सफाई श्रमदान करके किया गया। इसी क्रम में कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत सीईओ ने भी सफाई अभियान में श्रमदान कर अपनी सहभागिता दी। उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर आज 14 सितंबर से आगामी 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आज सभी शासकीय कार्यालयों में सफाई अभियान चलाकर इस अभियान की शुरूआत की गई।

## वजन त्यौहार: आंगनबाड़ी केंद्रों में परियोजना अधिकारियों एवं सेक्टर सुपरवाइजरों द्वारा माताओं को बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान देने किया जा रहा जागरूक

खैरागढ़: कलेक्टर श्री चंद्रकांत वर्मा ने निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार का आयोजन कर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चो का वजन लिया जा रहा है। एकीकृत बाल विकास परियोजना खैरागढ़ के सभी 14 परिक्षेत्र अंतर्गत क्लस्टर अनुसार वजन त्यौहार का शुभारंभ दिनांक 12 सितंबर 2024 को किया गया है। वजन त्यौहार में परियोजना खैरागढ़ अंतर्गत कुल 63 क्लस्टरो में तिथिवार वजन लेकर 20 सितंबर 2024 तक सर्वेक्षित सभी 0 से 06 वर्ष तक के बच्चो का वजन लिया जा रहा है, वजन लेने के उपरांत बच्चो के पोषण स्तर का निर्धारण कर कुपोषण के प्रतिशत की गणना भी किया जा रहा है। वजन त्यौहार के साथ ही परियोजना खैरागढ़ के सभी 332 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण माह का भी साथ में आयोजन किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में सेक्टर सलोनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत कामठा के ग्राम हरदी में पोषण माह 2024 के अंतर्गत कुपोषण व एनिमिया के रोकथाम का चित्र प्रदर्शन कर महिलाओ व किशोरी बालिकाओ को इसकी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्थानीय त्योहारों को जोड़ते हुए स्थानीय खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिससे हितग्राहियो का आंगनबाड़ी केन्द्रो के प्रति आकर्षण एवं सहभागिता बढ़ती रहे। आंगनबाड़ी केंद्रो में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राही भी पोषण माह के कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे है।

## राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन में आईटीएम विष्वविद्यालय रायपुर के रजिस्ट्रार डॉ. सौरव चटर्जी ने सौजन्य भेंट की।






UDYAM REGISTRATION NUMBER UDYAM-CG-11-0005844

KOYTUR TIMES
WWW.KOYTURTIMES.COM

KOYTUR TIMES
www.koyturtimes.com

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
CONTACT $ WHATSAPP NO . 8878810101
KOYTURTIMES@GMAIL.COM